BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

म्हारो शुभ लाभ भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शनिवार, 01 मार्च, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# मणिकोंडा में आग लगने से तीन की मौत, पांच को बचाया गया



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पुप्पलगुडा के पाशा कॉलोनी में एक आवासीय इमारत में शुक्रवार शाम को भीषण आग लग गई , जिसमें एक छोटी बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी , जिससे बहुत ज़्यादा धुआँ निकला, जिसके कारण दम घुटने से कई लोगों की मौत हो गई।

आग शाम करीब 6 बजे उस्मान नामक किराना व्यापारी के घर के ग्राउंड फ्लोर पर लगी ।

इमारत में घना धुआं भर गया, जिससे जमीला खातून (70), सुहाना खातून (40) और सिजिरा खातून (7) बच नहीं पाईं और दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

आग की लपटें पहली मंजिल तक फैल गईं, घर में रखे तीन एलपीजी गैस सिलेंडरों में भी आग लग गई और वे फट गए, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। दमकल कर्मियों ने बताया कि विस्फोटों के कारण आग तेजी से पूरे ढांचे में फैल गई।

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित किया , जिसके बाद लैंगर हौज फायर स्टेशन से अग्निशमन दल मौके पर पहुंचे। स्थानीय निवासियों के साथ बचाव दल ने पहली मंजिल पर फंसे पांच लोगों को बचाने में कामयाबी हासिल की । बचाए गए लोगों में से दो की हड्डियों में फ्रैक्चर हो गया और उन्हें इलाज के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

बताया जा रहा है कि उनकी हालत स्थिर है । नरसिंगी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आग लगने के सही कारणों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारी नुकसान का आकलन कर रहे हैं और प्रभावित इमारत में सुरक्षा अनुपालन की पुष्टि कर रहे हैं।



नरसिंगदास आत्माराम बड़ागांववाले परिवार द्वारा अमावस्या पर बंजारा हिल्स स्थित गोल्डन टेम्पल में लगभग 450 स्थानीय निवासियों में अन्न प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर परिवार के सदस्य- मुकुंदलाल अग्रवाल, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, श्रीमती संतोष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।




# प्रो . कुमार मोलुगाराम को सर सी वी रमन एक्सीलेंसी अवार्ड-2025 प्रदान किया गया

**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** उस्मानिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कुमार मोलुगाराम ने कहा कि सर सी. वी. रमन उन व्यक्तियों में से एक थे जिन्होंने आधुनिक भारतीय वैज्ञानिकों की अनुसंधान प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया। उन्होंने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर उस्मानिया विश्वविद्यालय के वीसी रेजीडेंस चैंबर में तेलंगाना इंटेलेक्चुअल फोरम की राज्य शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और यह बात कही।

कुलपति ने आगे कहा कि प्रोफेसर सी. वी. रमन एक दूरदर्शी वैज्ञानिक थे। सी वी रमन ने कहा, मेरा धर्म विज्ञान है और मैं जीवन भर इसका समर्थन करूंगा। इस तरह वे अपनी अंतिम सांस तक विज्ञान की खोज में लगे रहे।तेलंगाना इंटेलेक्चुअल फोरम की राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ. राज नारायण मुदिराज ने कहा कि प्रोफेसर सी. वी. रमन ने भारत में जन्म लिया। अनेक प्रयोग किए। इसके चलते नोबेल पुरस्कार और भारत रत्न की पहली उपाधि प्रदान की गई। उनके आदर्शों को आज के छात्रों और शिक्षकों को विज्ञान के क्षेत्र में विकास के लिए लेना चाहिए। तेलंगाना सिटीजन्स काउंसिल के राज्य उपाध्यक्ष और प्रमुख इंजीनियर पदिगा उज्ज्वल चंदर ने कहा कि 28 फरवरी 1928 को प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी प्रोफेसर सी. वी. रमन ने रमन प्रभाव की खोज की थी। इसलिए हम सभी उस दिन को रमन की स्मृति में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाते हैं।इस अवसर पर तेलंगाना इंटेलेक्चुअल फोरम की राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ. राज नारायण मुदिराज ने ओयू कुलपति प्रोफेसर कुमार को शॉल, माला, स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र के साथ सर सी. वी. रमन एक्सीलेंसी अवार्ड 2025 से सम्मानित किया। इस अवसर पर, लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद समर्पण के निदेशक लायन प्रेम चंद मुनोथ जैन, संगठन के सचिव डॉ. अख्तर अली, कार्यक्रम सलाहकार डॉ. रवि तेजा और शिक्षाविद श्रीमती इट्टा उदयश्री ने ओयू कुलपति प्रोफेसर कुमार मोलुगाराम को शॉल और माला से सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी।





श्री ह्रींकार तीर्थ गुंटूर, श्री जैन संघ सिरोही, श्री जैन संघ रसूल-पुरा - सिकंदराबाद के ट्रस्टी एवं जैन रत्न श्री रमेश-पुष्पा तातेड ने श्री सहस्त्रफणा पार्श्वनाथ दादा रसूलपुरा, श्रीमती गुणवंतीदेवी पुखराजजी झालमचंदजी तातेड परिवार सिरोही व श्रीमती नानूबेन जवेरचंदजी वीराजी कांकरिया परिवार दांतराइ के शुभ आशीर्वाद से परिवार के साथ अपनी 47वीं वैवाहिक वर्षगांठ वर्षगांठ मनाई। इस उपलक्ष्य में गौशाला एवं अन्य प्रकार से जीवदया का लाभ लिया और संजीवैया पार्क सिकन्दराबाद में कर्मचारियों, सफाई कर्मचारियों एवं मॉर्निंग वॉक एसोसिएशन के सदस्यों के साथ जन्मदिवस मनाया और पार्क को साफ सुथरा रखने का संकल्प किया।

# तापमा द्वारा सेमिनार का आयोजन



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना और आंध्र प्लास्टिक निर्माता संघ हैदराबाद (तापमा) द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. जगत शाह ने निर्यात की कला और विज्ञान पर एक व्याख्यान दिया। यह सेमिनार तापमा कॉन्फ्रेंस हॉल अबिड्स हैदराबाद में आयोजित किया गया था। सेमिनार में अध्यक्ष नरेंद्र बलदावा ने अतिथियों और तापमा के सदस्यों का स्वागत किया, जबकि सचिव कमलेश गुप्ता ने तापमाकी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। प्लास्टमीट समिति के अध्यक्ष नितिन सांघी ने मुख्य अतिथि डॉ. जगत शाह का जीवन परिचय दिया। तापमा के संयुक्त सचिव अरुण लाहोटी ने सेमिनार का ब्यौरा दिया डॉ. जगत शाह ने अपने भाषण में बताया कि निर्यात कैसे किया जाता है और भारतीय उत्पादों के निर्यात के लिए दुनिया में क्या अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि संयुक्त अरब अमीरात और नीदरलैंड भारत से उत्पाद आयात कर रहे हैं और अन्य देशों को निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि निर्यात का मुख्य साधन डेटा संग्रहण है, और मुख्य साधन किसी प्रदर्शनी में उत्पाद का प्रदर्शन करना और मार्केटिंग के लिए ग्राहकों को अपने स्टॉल पर बुलाना है। इस सेमिनार में पूर्व अध्यक्ष विमलेश गुप्ता, अनिल नागदा, राजगोपाल मंधाना और कार्यसमिति सदस्य रोहित मित्तल, श्रीनिवास रेड्डी, बटुला श्रीनिवास, राधे श्याम लोया, शैलेश लाहोटी मुरली कृष्ण, संजीव जैन और अन्य उपस्थित थे।

# ईसीआईएल में स्वच्छता पखवाड़ा-2025 का समापन



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा-2025 अभियान परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप है और ईसीआईएल ने 16 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक स्वच्छता और सफाई के प्रमुख उद्देश्यों को उजागर करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया ।

बेहतर स्वास्थ्य प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए सभी कर्मचारियों द्वारा सामूहिक स्वच्छता शपथ, जागरूकता बैनर, एक सेल्फी पॉइंट, वृक्षारोपण अभियान, जागरूकता कार्यशाला, सफाई कर्मचारियों के लिए एक चिकित्सा शिविर जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई हैं। इसके अलावा, सफाई कर्मचारियों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट वितरित किए गए, कर्मचारियों द्वारा कैंटीन सुविधाओं सहित सभी डिवीजनों की सफाई, दिव्यांग शौचालयों का नवीनीकरण, सभी कर्मचारियों द्वारा मेगा सफाई अभियान- श्रमदान किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान, परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक (स्ट्रीट प्ले) खेला। स्वच्छता पखवाड़ा प्रतियोगिता के पुरस्कार विजेताओं और अच्छी तरह से बनाए गए प्रभागों को 28 फरवरी, 2025 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित समापन समारोह के दौरान प्रदान किए जाएंगे। आईआईआईटी, हैदराबाद के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रघु रेड्डी ने एआई, एज कंप्यूटिंग और सिस्टम आर्किटेक्चर के तालमेल पर प्रस्तुति दी और अजयन कंसल्टिंग, मुंबई के सीटीओ श्री कृष्णकांत साहा ने उद्योग-एआई उपयोग के मामले पर प्रस्तुति दी। स्वच्छता आयोजन समिति ने सक्रिय भागीदारी और अभियान को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सभी कर्मचारियों और सहायक कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।




जामबाग डिविजन के पार्षद राकेश जयसवाल ने महाकुंभ के सफल आयोजन पर पुतलीबावली एक्स रोड, पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चित्र का दुग्धाभिषेक किया। इस अवसर पर रघु, रामकृष्ण, भरत, नरसिंह, हरिनाथ, विनोद, अनिल यादव, बाबू, रामचन्द्र, सुरेश, एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



फिलखाना स्थित श्री राम दरबार (पंचायतीबाड़ा) पर चौधरी रमेश कुमार सुपुत्र स्व. देवीलाल उपाध्याय ने परिवारिक एवं गाँव धाकड़ी सदस्यों की सहमति से धाकड़ी पाठ खेड़ा का पद्भार अपने बड़े भाई श्यामसुंदर उपाध्याय (सुपुत्र स्व : मिश्रीलाल उपाध्याय) समीती को सौंपा।

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 87,370/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 96,150/- (प्रति किलोग्राम)







# भगवती बाई मॉन्टेसरी द्वारा लिटिल ओरेटर्स कार्यक्रम का आयोजन



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित भगवती बाई मॉन्टेसरी स्कूल ने सेडमल हॉल में लिटिल ओरेटर्स थीम के अंतर्गत बच्चों के लिए वाक कुशलता एवं प्रस्तुत कौशल का कार्यक्रम आयोजन किया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ पी. पी. 2 के छात्रों द्वारा वंदे मातरम गाकर स्कूल के कॉरस्पॉडेंट श्री शेष कुमार गोयल, समिति के अकादमिक निदेशक डॉ. सरोज जैन, मानद मंत्री सी. ए. नवीन कुमार अग्रवाल, स्कूल की इंचार्ज श्रीमती बबीता गोयल द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।

श्रीमती बबीता गोयल ने स्वागत भाषण देते हुए सबका स्वागत किया और इस कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा ऐसे कार्यक्रम मंच पर बड़े श्रोतागण के सामने बोलने के लिए बच्चों को इसी छोटी आयु से तैयार करेगा। उन्होंने सभी बच्चों और अभिभावकों को उनके सहयोग के लिए सराहा और छात्रों को शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर मानद मंत्री सी. ए. नवीन कुमार अग्रवाल जी ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा हमारे समिति में इस प्रकार के कार्यक्रम साप्ताहिक तौर पर आयोजित किए जाएंगे क्योंकि इससे ऐसे छात्र जिन्हें मंच पर बोलने से भय लगता है वह अपने डर से उबरकर अपने कर

बोलने के कौशल को विकसित पाएंगे। उन्होंने अंत में शिक्षक गण एवं अभिभावक गण को भी आगे बढ़कर ऐसे कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में पी. पी. 2 के छात्रों ने विभिन्न विषयों पर प्रोजेक्ट बनाकर उनकी व्याख्या की हर विषय जैसे अंग्रेजी में फोनिक्स, प्रेपोज़िशंस। सामान्य ज्ञान के मनुष्य जीवन चक्र, नौ ग्रह गणित के संकेत प्लस, माइनस और समय । हिंदी के दिन, महीने, विलोम शब्द आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रेनू श्रीवास्तव ने स्वाती दत्ता के सहयोग से किया। कार्यक्रम का समापन शिक्षक गण और गैर शिक्षक गण के सहयोग से हुआ ।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**निविदा सूचना सं.: LGD/L/10/2024-25/OT, दि. : 26-02-2025** PUB/0212

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत **उप मुख्य विद्युत अभियंता/एलजीडीएस** द्वारा निविदा सं. LGD/L/10/2024-25/OT- ई-निविदा के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। ई-निविदा समापन तिथि 20-03-2025, 11:00 बजे। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल समापन तिथि और समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा।
ठेकेदारों को इस निविदा के विरुद्ध बयाना राशि (बोली सुरक्षा) के रूप में भुगतान करने की अनुमति है, जिसे या तो ई-भुगतान गेटवे के माध्यम से नकद में जमा किया जाएगा या भारत के किसी शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा किया जाएगा या निविदा दस्तावेजों में उल्लिखित अनुसार। बैंक गारंटी बांड अनुलग्नक-दखत के अनुसार होगा तथा बोली वैधता अवधि से परे 60 दिनों की अवधि के लिए वैध होगा। मूल बैंक गारंटी बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के 5 कार्य दिवसों के भीतर निविदा दस्तावेज में निर्दिष्ट नामित अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से सौंपी जानी चाहिए। ई-टेंडरिंग पोर्टल (आईआरईपीएस) पर बोली के साथ बी.जी. की स्कैन की गई प्रति प्रस्तुत न करने तथा/या निर्दिष्ट अवधि के भीतर मूल बी.जी. प्रस्तुत न करने पर बोली को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**क्रम.सं. : 1. निविदा सं.** एलजीडी/एल/10/2024-25/ओटी. **कार्य का विवरण :** विभिन्न स्थानों पर विद्युत सुरक्षा उपायों का सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन तथा ऊर्जा संरक्षण उपायों में सुधार/वृद्धि तथा कैरिज वर्कशॉप, लालगुडा (विद्युत कार्य) में डीएचएमयू शेड 150Mx9.7एम के बगल में ट्रैक पर फर्श बिछाना। **विज्ञापित मूल्य : (रु.)** 2,82,83,953/- (दो करोड़ अस्सी लाख अस्सी तीन हजार नौ सौ तिरपन रुपये मात्र)। **बोली सुरक्षा (रु.):** 2,91,400/- **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 महीने। **समापन की तिथि:** 20-03-2025 को 11:00 बजे.

1. वेबसाइट विवरण: **www.ireps.gov.in**

2. **नोटिस बोर्ड स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** उप मुख्य विद्युत अभियंता का कार्यालय, कैरिज वर्कशॉप, लालागुडा, सिकंदराबाद - 500017.

**उप मुख्य विद्युत अभियंता, कैरिज वर्कशॉप, लालागुडा, सिकंदराबाद**

**सं.:बी/एसजी. निविदा सूचना/32-34/2024-25, दि. : 27-02-2025** PUB/0213

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से, अधोहस्ताक्षरित द्वारा **दि. : 24-03-2025 को 15:30 बजे तक** निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित हैं।

**क्रम.सं. 1. निविदा सूचना सं.:** एससीआर-बीजेडए-एसएनटी-ई32-ओटी24-25, दिनांक: 27-02-2025. **कार्य का नाम विजयवाड़ा डिवीजन:** विजयवाड़ा डिवीजन में मछलीपट्टनम, नरसापुर, भीमावरम टाउन और गुडीवाड़ा स्टेशनों पर 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज के प्रस्तावित निर्माण के संबंध में दूरसंचार व्यवस्था। **बयाना राशि जमा:** 30,800/- रु. **राशि:** 15,37,167.00 रु. **पूरा करने कही अवधि:** 06 महीने। **सीटीबी रु.:** शून्य.

**क्रम.सं. 2. निविदा सूचना सं.:** एससीआर-बीजेडए-एसएनटी-ई34-ओटी24-25, दिनांक: 27-02-2025. **कार्य का नाम विजयवाड़ा मंडल:** विजयवाड़ा मंडल के अनाकापल्ली, निदादावोलु, ताडेपल्लीगुडेम, समालकोट, अनापर्थी, काकीनाडा टाउन, तेनाली, सिंगरायकोंडा, ओंगोल, गुनाडाला, बापटला और चिराला स्टेशनों पर 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज के प्रस्तावित निर्माण के संबंध में दूरसंचार व्यवस्था। **बयाना राशि रु.** 91,800/-. **राशि रु.:** रु. 45,90,655.64. **पूरा करने की अवधि:** 12 महीने। **सीटीबी** रु.: शून्य.

**विवरण:** समापन की तारीख और समय. **समय:** 15:30 घंटे. **दिनांक :** 24-03-2025.

1. संभावित निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा बंद होने की तिथि से पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाकर किसी भी निविदा के लिए कोई भी परिवर्तन/सुधार नोट कर लें।

**मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी), विजयवाड़ा.**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. एन/ई.29/टीआरडी/निविदा/26/2024-25, दिनांक : 27-02-2025** PUB/0214

निम्नलिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरित द्वारा सीलबंद निविदाएं आमंत्रित हैं।

**क्रम.सं. : 1. निविदा सं.** एन/ई.29/टीआरडी/निविदा/26/2024-25। **कार्यों का विवरण:** नांदेड़ डिवीजन में मध्य-खंड मानवयुक्त एलसी गेट सं. 72, 168, 37 की इंटरलॉकिंग के लिए एटी आपूर्ति का प्रावधान। **पूरा करने की अवधि :** 6 महीने। **अनुमानित मूल्य** (रु.) 27,14,873.95. **बोली सुरक्षा (रु.):** 54,300.

**समापन तिथि:** 27-03-2025 15:00 बजे.

**डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/टीआर/नांदेड़.** A0274

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट : www.ireps.gov.in या http://www.scr.indianrailways.gov.in देखें।


# तेलंगाना बिहार सहयोग समिति का अखंड अष्टयाम सम्पन्न



**हैदराबाद, 27 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर तेलंगाना बिहार सहयोग समीती द्वारा अखंड अष्टयाम का आयोजन दुर्गा माता मंदिर, इंदिरा नेहरु नगर, मल्काजगिरी में बिनय कुमार यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस मौके पर प्रदिप राय बोलाराम ने अपनी पुरी टीम के साथ उपस्थित हुए। योगेन्द्र बर्मा फिरजादीगुड़ा, उप्पल से अपनी टीम के साथ भाग लिया। परवेश यादव बसेरा होटल ने भी अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में पधार कर भजन कार्यक्रम में भाग लिया। उमाकांत यादव बालमराय ने भी अपनी टीम के साथ पहुंचे, भोजपुरी समाज गिरजा शंकर ब्यास ने भी टीम के साथ उपस्थित हुए। राजपुत समाज से धनंजय सिंह, पप्पू सिंह संतोष सिंह,सचिन सिंह ने अपनी पुरी टीम के साथ मौजूद रहे। भावेश यादव बालाजी नगर से अपनी टीम के साथ मौजूद रहे ।इस मौके पर पूर्व विधायक शुधीर रेड्डी, कॉरपोरेटर श्रवण कुमार, सतीश गौड भाजपा के शिनु अन्ना, महेश एवं अधिक संध्या में में गणमान्यों ने आकर हरे राम हरे राम, हरे कृष्णा हरे कृष्णा का भजन किए और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पधारे हुए सभी लोगों का स्वागत किया गया। इस मौके पर समीती के वरिष्ठ प्रधाकारी जयनाथ सिंह, शम्भू नाथ भगत, दशरथ सिंह,कामेश्वर भगत, चंद्र देव सिंह, सुभाष यादव,राजनन्दन सिंह, गयानंद राय ,सूरेश यादव , सभी लोगों का भी स्वागत किया गया इस मौके पर उपाध्यक्ष दीपक यादव, मनोज यादव, भावेश झा, सागर भगत, उत्तम यादव, ललन मिश्रा, आंनद गुप्ता, दीपक गुप्ता, मनोज भगत, सुनील भगत, मुन्ना भगत, रंजीत यादव, बिनोद गुप्ता, बिजेंद्र गुप्ता, गोविंद यादव, जितेन्द्र गुप्ता, सुनील यादव, गोपाल भगत, गुलशन कुमार, सतीश यादव, मुन्ना यादव, प्रभु यादव, राजेश खन्ना एवं भारी मात्रा में युवा कार्यकर्ताओं और बिहार महिला ऐसोसिएशन के सभी प्रधाकारी व सदस्य उपस्थित रहे।



राधे राधे ग्रुप द्वारा नियमित अन्नदान के अंतर्गत शुक्रवार को श्री राज उमापति (यूएसए) के जन्मदिवस पर नामपल्ली स्थित पाब्लिक गार्डन, पिलर नं. ए1265 के समीप जरुरतमंद लोगों में अल्पाहार सेवा की गई। इस अवसर राधे राधे ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे।

# श्री राम श्याम मित्र मण्डल द्वारा निशान शोभा यात्रा कल



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री राम श्याम मित्र मण्डल, सुचित्रा द्वारा फाल्गुन मास के उपलक्ष्य में रविवार 2 मार्च को 'श्री श्याम निशान शोभा यात्रा' का आयोजन प्रातः 6:11 बजे से श्री राम मंदिर (श्री राम गार्डन, सुचित्रा) से श्री पहाडी श्याम मन्दिर, महेन्द्रा हिल्स तक किया जायेगा । उक्त जानकारी यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में अनुज सिंघल द्वारा दी गई ।

विज्ञप्ति अनुसार 'श्री श्याम निशान शोभा यात्रा' श्री राम मन्दिर, सुचित्रा में निशान पूजा के पश्चात शीश के दानी बाबा श्यामजी को बग्गी में विराजमान कर, अलौकिक श्रृंगार के साथ पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा के साथ, बाजे-गाजे, भजन-कीर्तन के साथ प्रारम्भ होगी । नगरद्वय के सुप्रसिद्ध भजन गायक सागर व्यास अवसर पर अपनी सुमधुर वाणी भजन प्रस्तुत करेंगे ।

श्री निशान शोभा यात्रा डेयरी फार्म रोड स्थित शोभा गार्डन, सिकन्दराबाद में पड़ाव के लिए रुकेगी । अल्पाहार के पश्चात निशान शोभा यात्रा पुनः बाजे-गाजे एवं भजन कीर्तन करते हुए श्री पहाडी श्याम मंदिर, महेन्द्रा हिल्स पहुँचेगी ।

यात्रा के अधिक जानकारी एवं निशान प्राप्ति के लिए श्री राम श्याम मित्र मण्डल, सुचित्रा के राकेश गर्ग, राहुल अग्रवाल, अंकित गोयल, अनुज सिंघल, सतविंदर गुलाटी, आशीष, राजू भाई, अशोक बंसल, दिनेश अग्रवाल, एम.एल. डालमिया, राजेश बाहेती, सौरभ, अमित गुप्ता, प्रशांत गर्ग, पंचम शाह, संदीप मित्तल, पुनीत बंसल, विकास गुप्ता से सम्पर्क किया जा सकता है ।

श्री पहाडी श्याम मंदिर, महेन्द्रा हिल्स में मध्याह्न 12 बजे महाआरती होगी तत्पश्चात सभी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी ।

# टीएफआई के प्रतिनिधियों ने टीएससीएस हैदराबाद का दौरा किया



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** थैलेसीमिया इंटरनेशनल फेडरेशन (टीआईएफ) के एक विशेष प्रतिनिधिमंडल ने शिवरामपल्ली, हैदराबाद में थैलेसीमिया और सिकल सेल सोसाइटी (टीएससीएस) की एक समर्पित इकाई - कमला अस्पताल और थैलेसीमिया और सिकल सेल रोगियों के लिए अनुसंधान केंद्र (केएचआरसीटीएससीएस) का दौरा किया। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि टीएससीएस को थैलेसीमिया रोगियों की देखभाल के लिए अपने अटूट समर्पण के लिए दुनिया भर में सबसे बड़े और सर्वश्रेष्ठ अस्पताल के रूप में मान्यता दी गई है, जो जरूरतमंद लोगों को 100% मुफ्त सेवाएं प्रदान करता है।

यह मान्यता इटली और ग्रीस में स्थित थैलेसीमिया इंटरनेशनल फेडरेशन के प्रमुख व्यक्तियों द्वारा गहन निरीक्षण के बाद दी गई है। प्रोफेसर एंटोनियो पिगा और डॉ. दिमित्रियोस फार्माकिस, यूनिवर्सिटी ऑफ साइप्रस मेडिकल स्कूल, ग्रीस के एसोसिएट प्रोफेसर के नेतृत्व में प्रतिष्ठित प्रतिनिधिमंडल ने पूरे दिन के मूल्यांकन के बाद अपनी पूर्ण संतुष्टि व्यक्त की। थैलेसीमिया समुदाय के लिए कमला अस्पताल और अनुसंधान केंद्र की उल्लेखनीय सेवाएं भारत में इसकी प्रतिष्ठा को मजबूत करती हैं, जिससे ढखक्र के साथ इस तरह के विशेष सहयोग में प्रवेश किया जा सके।

डॉ. फार्माकिस ने थैलेसीमिया और सिकल सेल सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रकांत अग्रवाल और सीईओ एवं सचिव डॉ. सुमन जैन के साथ मिलकर थैलेसीमिया रोगियों को व्यापक, उच्च-गुण-वत्ता वाली देखभाल प्रदान करने में कमला अस्पताल की बेजोड़ भूमिका की सराहना की। उन्होंने पूरे भारत में हज़ारों रोगियों को ये सेवाएँ निःशुल्क प्रदान करने के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता की भी सराहना की।

# हिन्दी महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजित

**हैदराबाद,28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नल्लाकुंटा स्थित हिन्दी महाविद्यालय में आज 28 फरवरी 2025 को भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रासायनिक रॉकेट प्रणोदन (ठोस पृथ्वी भंडारण योग्य और कार्योजनिक तरल प्रणोदक/रॉकेट ईंधन) में विशेषज्ञ सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र-शार इसरो (श्रीहरिकोटा) के पूर्व समूह निदेशक और सहयोगी परियोजना निदेशक कनकराजू पट्टास्वामी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा श्रीमती लहरी की सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्राचार्या डॉ. बाला कुमार ने मुख्य अतिथि का परिचय तथा स्वागत भाषण दिया। अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि ने कहा कि विज्ञान एक बहुत ही रुचिकर विषय है।

उन्होंने छात्रों के साथ अपने बहुत से व्यक्तिगत अनुभव को साझा किया और बताया कि विज्ञान की अपनी कुछ सीमाएँ होती हैं। जिसके अंतर्गत रहकर कार्य पूरा किया जाता है। उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से छात्रों से प्रश्न भी किए और छात्रों के सवालों का जवाब भी दिया।

इसी उपलक्ष्य में महाविद्यालय के प्रांगण में 'हेनरिक हट्र्ज' के जन्मदिवस



के अवसर पर 22 फरवरी को इंटर कॉलेजिएट विज्ञान प्रदर्शनी और मॉडल प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कई कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया।

प्रस्तुत किए गए कार्यशील और अकार्यशील मॉडलों का उद्देश्य 'एक टिकाऊ भविष्य के लिए विज्ञान' था।

सभी विज्ञान विभागों, जिनमें भौतिक विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, जीवन विज्ञान और कंप्यूटर विज्ञान आदि इसमें शामिल थे। उन्होंने अपने छात्रों को विभिन्न मॉडलों को प्रस्तुत करने में मदद की। इसमें विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

इस प्रदर्शनी में सभी विज्ञान विभाग के छात्रों द्वारा विभिन्न परियोजनाएँ प्रस्तुत की गईं। जिसमें मुख्य रूप से बायोडिग्रेडेबल पैकिंग, प्रोपेगेशन, दृष्टिहीनों के लिए स्मार्ट जूता, जैव ईंधन और कागज से बने फ्ल-ोटिंग हाउस, जैव गैस उत्पादन, बाधा





डिटेक्टर वाहन, स्मार्ट डस्टबिन, सिक्का संचालित जल डिस्पेंसर आदि शामिल थे। गणित विभाग द्वारा प्रस्तुत मॉडलों में दैनिक जीवन में गणित के उपयोग तथा महत्व आदि विषयों पर प्रस्तुति किया गया। साइबर सुरक्षा समाधान, डार्क वेब आदि विषयों पर कंप्यूटर विज्ञान के छात्रों ने मॉडल प्रस्तुति की।

इस विज्ञान मेले में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण तथा स्वच्छ एवं हरित आदर्श वाक्य पर अपने उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किए। यह जागरूकता पैदा करने और पृथ्वी पर स्वस्थ जीवन को बनाये रखने के तरीकों और साधनों को फैलाने का एक समग्र प्रयास था। इस विज्ञान मेले में विजेताओं का चयन करने के लिए विभिन्न कॉलेजों के निर्णायकजन भी मौजूद थे। जिसमें सेंट पायस एक्स डिग्री और पीजी कॉलेज फॉर वूमेन की माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. बी. सुष्मिता तथा अन्य उपस्थित थे।

बीबीए और वाणिज्य विभाग के छात्रों ने कई प्रकार के खाद्य सामग्रियों के स्टॉलों को लगाया, जिससे सभी छात्रों को अर्थ लाभ हुआ।

इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी तथा महाविद्यालय में संपन्न सभी साहित्यिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। नगरद्वय में स्थित विभिन्न हिन्दी माध्यम के स्कूलों के छात्र भी इस प्रदर्शनी में अपने-अपने प्राध्यापकों के साथ भ्रमण करने आए। डॉ. रजनीधारी हिन्दी विभागाध्यक्ष तथा श्री सीपी सिंह ने हिन्दी माध्यम के स्कूलों के छात्रों को संबोधित किया तथा उन्हें हिन्दी महाविद्यालय में इंटरमीडिएट में प्रवेश लेने का परामर्श दिया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष श्री सीए लक्ष्मीनिवास शर्मा, उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदडा, कार्यदर्शी श्री शील कुमार जैन, कोषाध्यक्ष एस.बी. काबरा, संयुक्त कार्यदर्शी प्रदीप दत्त, प्राचार्या बाला कुमार, उप-प्राचार्या डॉ. बी. श्रीदेवी, प्राध्यापकगण एवं छात्र उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती नीता कुलकर्णी तथा धन्यवाद ज्ञापन उप-प्रचार्या डॉ. बी. श्रीदेवी ने किया। सामूहिक राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।


DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, P BINDU Spouse of Service No. 14627913Y Ex.Hav J M STALIN, R/o. H.No.37-70/A/5, Street No.3, Beside Durgamata Temple, Jagjivanram Nagar, Neredmet, Secunderabad - 500094, Telangana have changed my name from P BINDU to BINDU STALIN vide affidavit dt:28-2-2025 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, PHARMALI Mother of Service No. 15182626H Hav (CLK SD) SANDEEP, R/o.Vill and PO:Kapro, Teh:Narnaund, Dist:Hisar, Haryana-125039 have changed my name from PHARMALI to FARMALI vide affidavit dt:28-2-2025 before B.Ramesh, Advocate and Notary, Secunderabad

**CHANGE OF NAME**
I, LILABAI , mother of No 14441962H Hav NIKUME GAJANA LOTAN, resident of Vill-Morane, Post-Morane, Teh-Dhule, District - Dhule, State- Maharashtra, Pin-424302, have changed my name from LILABAI to LILABAI LOTAN NIKUME, respectively vide affidavit No 40AA 886142 dated 27 Feb 2025 before Mohd Muzibulla Baig advocate and Notary High Court TelanganaTolichowki, Hyderabad (TS).

**CHANGE OF NAME**
I, PINKI DANGA is legally wedded spouse wife of No. 15176064A, Rank GNR, Name: BYASADEV PRASAD KARMI, presently residing at. 165/1, Old MD Lines, Langer House, Hyderabad-500008, TS. permanent resident at: Gumurdola, Po: S. Mahada, Teh & Ps: BirmaharajPur, Sonepur, State : Odisha, PIN: 767018, I have changed my name From PINKI DANG to PINKI DANGA, (my Date of Birth is 16-02-1996) vide Affidavit Date 28/2/2025 before Mohd Muzibulla Baig Advocate and Notary High Court Telangana, Tolichowki, Hyd TS.


## रेवंत रेड्डी ने राजनाथ से किया हैदराबाद-बेंगलुरु को रक्षा औद्योगिक गलियारा घोषित करने का आग्रह

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से हैदराबाद-बेंगलुरु को 'रक्षा औद्योगिक गलियारा' घोषित करने का आग्रह किया।


**CHANGE OF NAME**
I, Service No.JC 442735Y Nb Sub PEELA KAMESWARA RAO, R/o. SaliPeta Street, Vill:Dimili, Teh:Yellamanchalli, Dist:Anakapalli, Andhra Pradesh-531061 hereby declare that my son name is to be changed from BALA DURGA NAGA SATYA VISAL to PEELA BALA DURGA NAGA SATYA VISHAL vide affidavit dt:28-2-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

